जन्मदिन खाटू वाले का मनाने आ गए हम भी लिरिक्स

जन्मदिन खाटू वाले का,
मनाने आ गए हम भी,
उन्ही के दर पे इक दीपक,
जलाने आ गए हम भी।bd।

तर्ज – लगन तुमसे लगा बैठे।

ये दशकों से तमन्ना थी,
तेरा दीदार हो जाए,
तो फिर इस बार अपना दु:ख,
सुनाने आ गए हम भी,
जनमदिन खाटू वाले का,
मनाने आ गए हम भी।bd।

मेवा मिश्री माखन का केक,
श्याम बाबा लाए है,
बंटेगा केक भक्तों में,
जो खाने आ गए हम भी,
जनमदिन खाटू वाले का,
मनाने आ गए हम भी।bd।

मुझे मालूम है दुनिया की,
बिगड़ी तू बनाता है,
तेरे दरबार में ये सर,
झुकाने आ गए हम भी,
जनमदिन खाटू वाले का,
मनाने आ गए हम भी।bd।

तुम्हारे भोग की खातिर,
नहीं 'देवेंद्र' है कुछ भी,
'अनुज' कुछ फूल श्रद्धा के,
चढ़ाने आ गए हम भी ,
जनमदिन खाटू वाले का,
मनाने आ गए हम भी।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सुगन्धित खुशबु फैली है,
जनम दिन श्याम धणी मेरे,
नगर गलियों को गुलशन सा,
सजाने आ गए हम भी,
जनमदिन खाटू वाले का,
मनाने आ गए हम भी।bd।

जन्मदिन खाटू वाले का,
मनाने आ गए हम भी,
उन्ही के दर पे इक दीपक,
जलाने आ गए हम भी।bd।

Singer – Devendra Pathak Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com